www.tamsasanket.com
वर्षः 05 || अंक 292 || लखनऊ
रविवार
25 जनवरी 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
>> डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:55
सूर्यास्तः 05:43
अधिकतमः 21°00
न्यूनतमः 08°00



पेज 03

विशेष समाचार | प्राकृतिक घटनाएँ या सरकारी ... >> पेज 02 | 'लखनऊ नगर निगम में बैठे हैं ... >> पेज 04 | बॉर्डर 2 ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपए कमाए ...

## लखनऊ में अमित शाह ने गिनाईं डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां

# 'भारत की धड़कन और विकास का इंजन है यूपी'

घोषणा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। गृहमंत्री अमित शाह ने आज लखनऊ में यूपी विधानसभा चुनाव-2027 का शंखनाद कर दिया। शाह ने लोगों से कहा- सपा, बसपा और कांग्रेस जातिवादी और परिवारवादी पार्टियां हैं। ये आपका कल्याण नहीं सकतीं। 2027 में ऐसी पार्टियों को रिजेक्ट कर एक बार फिर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। यूपी का कल्याण सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। शाह यूपी दिवस समारोह के लिए लखनऊ आए थे। उन्होंने 24-26 जनवरी तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। हर जिले के पारंपरिक व्यंजनों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के लिए एक जनपद, एक व्यंजन (ODOC) योजना की शुरुआत भी की। उन्होंने 'जय श्रीराम' का जयकारा लगाकर अपने संबोधन की शुरुआत की। 'भारत माता की जय' के भी नारे लगाए। लोगों से कहा- आज यूपी दिवस है भाई, लखनऊ वालों की आवाज को क्या हो गया? इसके बाद लोगों ने जोर से शाह के साथ नारे लगाए। इससे पहले, CM योगी ने पीएम मोदी का संदेश पढ़कर सुनाया। डिप्टी CM केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने 2017 में यूपी में भाजपा की जीत का श्रेय शाह को दिया। साथ ही जनता से अपील की कि 2027 में फिर से भाजपा सरकार बनाएं। कार्यक्रम में एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला समेत 5 लोगों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शाह ने अलग-अलग जिलों के फेमस व्यंजनों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया। शाह और योगी साथ चलते दिखाई दिए।

>> (शेष पेज 04 पर)



शाह ने कहा- प्रयागराज में महाकुंभ का विराट आयोजन किया गया। हमारे सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया गया।



### 'ऊपर मोदी और नीचे योगी ने संभावनाओं को तराशने का काम किया'

*शाह ने कहा, 'ऊपर नरेंद्र मोदी और नीचे योगी। इन्होंने उत्तर प्रदेश के अंदर विकास की सारी संभावनाओं को तराशकर अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है। मोदी जी ने पूरे उत्तर प्रदेश में नेशनल हाईवे का जाल बना दिया है। आज यहां सबसे ज्यादा एयरपोर्ट हैं। एक डिफेंस कॉरिडोर है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। प्रदेश के अंदर योगी जी ने भ्रष्टाचार को हटा दिया। कानून व्यवस्था को चौक बंद कर दिया। हर गरीब के कल्याण के लिए ढेर सारी योजनाओं को जमीन पर उतारा।'*

### 'सनातन धर्म को अनंत ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम किया'

*'प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए भाजपा को जिताएं' शाह ने कहा- जनता ने 2014, 2017, 2019, 2022 से 2024 में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाएं। इस बीच, शाह मथुरा के पेड़े वाला स्टॉल देखकर शाह रुक गए।*

### 'प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए भाजपा को जिताएं'

शाह ने कहा- जनता ने 2014, 2017, 2019, 2022 से 2024 में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि प्रदेश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाएं।



### शाह ने यूपी सरकार और संगठन के साथ की बैठक

दिल्ली रवाना होने से पहले गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार शाम भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने सीएम योगी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में प्रदेश महामंत्रियों के साथ बैठक की। करीब 40 मिनट चली बैठक में शाह ने SIR में दावे और आपत्तियां अधिक से अधिक लगाने और पार्टी के वोटबैंक से जुड़े हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को कहा। बैठक में जीरामजी अधिनियम को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों से संपर्क करने को कहा। बैठक में विधान परिषद की शिक्षक एवं स्नातक क्षेत्र की सीटों पर होने वाले चुनाव की तैयारी पर बात हुई। सूत्रों का कहना है कि शाह ने माघ मेले में अविमुक्तेश्वरानंद के विवाद में भी सरकार और संगठन के लोगों से बात की है। शाह से भाजपा की नई टीम के गठन और मंत्रिमंडल को लेकर भी बात हुई। अब इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से चर्चा की जाएगी। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर भी चर्चा हुई। प्रेरणा स्थल पर वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन स्टॉल के पास आयोजकों की ओर से डस्टबिन नहीं रखवाए गए।

### शाह बोले- अगला साल चुनाव का साल, यूपी के भविष्य के लिए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं

ऊपर नरेंद्र मोदी जी और नीचे योगी जी, इन्होंने उत्तर प्रदेश के अंदर विकास की सारी संभावनाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया है। मोदी जी ने पूरे उत्तर प्रदेश को नेशनल हाईवे से बनने का काम किया है। आज उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा एयरपोर्ट हैं। उत्तर प्रदेश में भारत सरकार ने एक डिफेंस कॉरिडोर बनाया है।

*अमित शाह ने कहा कि 2014 से जनता ने यूपी में भाजपा का कमल खिलाया। 2027 में फिर उत्तर प्रदेश में चुनाव होना है। मैं यहां के लोगों से अपील करने आया हूं कि देश की सुरक्षा के लिए, विकास के लिए प्रचंड बहुमत के लिए भाजपा की सरकार को फिर से जीताइए।*



### तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने बीजेपी पर लगाया जुर्माना

तिरुवनंतपुरम। तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) पर 19.7 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। दिसंबर में हुए नगर निगम चुनाव में तिरुवनंतपुरम में BJP ने 50 सीटें जीती थीं। FIR में केरल हाई कोर्ट के कई आदेशों और स्थानीय स्वशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का उल्लंघन का आरोप है। इसमें कहा गया कि BJP जिला समिति ने प्रधानमंत्री के दौरे के हिस्से के रूप में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाए। भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा विधिवत जारी किए गए आदेशों की अवज्ञा) और 285 (सार्वजनिक रास्तों में खतरा, बाधा और जोखिम पैदा करना) और केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120(b) (जनता को बाधा, असुविधा और खतरा पैदा करना) के तहत दर्ज किया गया है।

# 18वां रोजगार मेला : पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

**कहा- युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास, आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर**

रोजगार

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है। पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है। रोजगार मेला मिशन मोड परः सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है।

>> (शेष पेज 04 पर)

# चुनाव आयोग अब लोकतंत्र का रक्षक नहीं : राहुल

**वोट चोरी की साजिश में शामिल, दावा- गुजरात एसआईआर में गड़बड़ी**

अरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'जहां-जहां SIR है, वहां-वहां वोट चोरी है। SIR अब एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को नष्ट करने का हथियार बन चुका है, जिससे सत्ता का फैसला जनता नहीं भाजपा करे। उन्होंनें शनिवार को X पोस्ट में लिखा- गुजरात में SIR के नाम पर जो किया जा रहा है, वह एक सुनियोजित, संगठित और रणनीतिक वोट चोरी है। चुनाव आयोग इस वोट चोरी की साजिश में प्रमुख सहभागी है। राहुल ने दावा किया कि कांग्रेस को समर्थन देने वाले खास समुदायों और बूथों से चुन-चुनकर वोट हटाए गए। जहां-जहां भाजपा को हार का अंदेशा होता है, वहां मतदाताओं को सिस्टम से ही गायब कर दिया जाता है। राहुल की पोस्ट गुजरात कांग्रेस की X पोस्ट पर आई है। इसमें कहा गया कि राहुल गांधी ने वोटों में हेराफेरी को उजागर किया। इसके बाद से भाजपा ने चुनाव में धांधली का 'नेक्स्ट लेवल मॉडल' अपना लिया है। राहुल ने दावा किया कि कर्नाटक के आलंद में भी यही पैटर्न दिखा है। यही महाराष्ट्र के राजुरा में हुआ। अब यही ब्लूप्रिंट गुजरात, राजस्थान और हर उस राज्य में लागू किया जा रहा है। जहां SIR थोपा गया है।



राहुल गांधी का आरोप है कि गुजरात SIR में कांग्रेस का वोटर काटा गया है।

>> (शेष पेज 04 पर)

फास्ट न्यूज

### जुबीन गर्ग के परिवार ने पीएम को लेटर लिखा

गुवाहाटी। असम के सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में उनके परिवार ने शनिवार (24 सितंबर) को PM नरेंद्र मोदी को लेटर लिखा। लेटर में मांग की है कि सिंगर की मौत के मामले में तेजी से सुनवाई के लिए विशेष कोर्ट बनाई जाए। परिवार ने यह भी मांग की है कि सजा मिलने तक केस में किसी भी आरोपी को जमानत न दी जाए। साथ ही सिंगापुर में जांच पर भी निगरानी रखी जाए।

### दुनिया की आधी आबादी जल संकट झेल रही

नई दिल्ली/चेन्नई। यूनाइटेड नेशंस की नई रिपोर्ट में बताया गया कि दुनिया में आधी आबादी यानी करीब 4 अरब लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि दुनिया के 100 सबसे बड़े शहरों में आधे शहरों को गंभीर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इनमें दिल्ली, बीजिंग, न्यूयॉर्क और रियो जैसे बड़े शहर शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 39 शहरों में स्थिति बेहद गंभीर है। रिपोर्ट में दिल्ली चौथे स्थान पर है। कोलकाता 9वें, मुंबई 12वें, बेंगलुरु 24वें और चेन्नई 29वें स्थान पर हैं। इसके अलावा हैदराबाद, अहमदाबाद, सूरत और पुणे भी लंबे समय से पानी की कमी झेल रहे हैं।

### एसआईआर की चिंता में बंगाल में रोज 4 आत्महत्याएं : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि बंगाल में SIR की चिंता में हर रोज 3 से 4 लोग आत्महत्या कर रहे हैं। अब तक 110 से ज्यादा लोग मर चुके हैं। इतने साल बाद क्या हमें यह साबित करना पड़ेगा कि हम इस देश के नागरिक हैं? ममता बनर्जी ने कोलकाता के रेड रोड पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के कार्यक्रम में ये बातें कही।

## राजस्थान में पारा 10डिग्री गिरा, माउंट आबू में माइनस 7डिग्री

**यूपी-एमपी समेत 5 राज्यों में बारिश, उत्तरकाशी-चमोली में 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी**

- शिमला के कालका-शिमला ट्रेन रूट पर बर्फबारी के बीच चलती टॉय ट्रेन।
- बर्फबारी के बीच कटरा-श्रीनगर रूट पर चलती वंदे भारत एक्सप्रेस।



तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/श्रीनगर/देहरादून। देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। NH-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है। इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10° तक गिर गया है। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई। यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, मध्य प्रदेश के कई जिलों में भी हल्की बारिश हो रही है।

## एसआईआर में 'फातिमा' के घर में 'राधा' रह रहीं, पूरा केजीएमयू गिरा देना चाहिए

# मुख्यमंत्री नोएडा इंजीनियर की मौत के जिम्मेदार : अखिलेश

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- नोएडा में साफ्टवेयर इंजीनियर की मौत के जिम्मेदार मुख्यमंत्री हैं। अगर डीएम को हटा दोगे तो वोटर लिस्ट ठीक नहीं हो पाएगी। कम से कम पुलिस अधिकारी को हटाना चाहिए था जिसकी वजह से जान गई। लेकिन लड़के के खिलाफ ही बोलने लगे। बीजेपी का ये चरित्र बहुत खराब है। लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश ने वोटर लिस्ट पढ़ी- देखिए भगवान दास के घर में मोहम्मद अफजल का नाम। 'फातिमा' के घर में 'राधा' रह रहीं। कम से कम वोटरलिस्ट तो ये लोग सेक्युलर बना दे रहे हैं। KGMU में मजारों को तोड़ने पर कहा- KGMU की पूरी बिल्डिंग को गिरा देनी चाहिए, क्योंकि उसे क्रिश्चियन ने बनाया था।



>> (शेष पेज 04 पर)

### पीडीए सरकार बनाकर न्याय की सरकार स्थापित करेंगे

*भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर आज हम लोग बैठे। सबने मिलकर संकल्प लिया कि उन्होंने जो रास्ता दिखाया, साधारण परिवार से निकल कर सबसे महत्वपूर्ण स्थान पर पहुंचे, पीड़ित शोषित लोगों को न्याय दिलाया। बाबा साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में PDA की सरकार बनाकर न्याय की सरकार स्थापित करें।*

### बीजेपी और सरकार वोट कटवाने की धमकी दे रही

चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है। सरकार अपनी मनमर्जी से काम करा रही है। सरकार के लोग और बीजेपी क्या कह रही। कह रहे हम वोट कटवा देंगे आपके। चार करोड़ हमारे वोट कट गए, हम 20 हजार बढ़वा देंगे, हर बूथ पर इतने वोट बढ़वा लेंगे। सोचिए ऐसी स्थिति में इलेक्शन कमीशन पर कौन भरोसा करेगा।

### डॉयल 100 को बर्बाद कर दिया

अखिलेश यादव ने कहा- बीजेपी सरकार ने डॉयल 100 को बर्बाद कर दिया, इसलिए नोएडा में इंजीनियर की जान गई। डॉयल 100 रिस्पांस सिस्टम बेहतर करने के लिए बनाया था। सबको एक एसओपी बनाकर दिया। हमें इस बात की खुशी है कि शंकराचार्य डटे हुए हैं। एक एक सनातनी उनके साथ है। उन्होंने कम से कम नकली सनातनों की पोल खोल दी। हमारा उनसे सीधा संपर्क है। मैंने आजतक जाति नहीं देखी। किसी भी बीजेपी नेता के घर से पहली रोटी गाय को नहीं जाती है।

*"जनगणना में ये भी बताया जाए कि कोविड वैक्सीन से कितने लोगों की मौत हुई? ये प्वाइंट आना चाहिए। कैंसर, हार्ट अटैक के मामले क्यों बढ़े हैं। वैक्सीन लगने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। सरकार को बदनामी से नहीं डरना चाहिए। हमारे यहां तो पहली रोटी गाय को जाती है। किसी भी बीजेपी नेता के घर से पहली रोटी गाय को नहीं जाती है।"*

## अडिग : केवल ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर असहमति थी, इसके लिए माफी नहीं मांगूंगा

# कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का विरोध नहीं किया:थरूर

तमसा संकेत, एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पार्लियामेंट में कांग्रेस के किसी भी स्टैंड का कभी भी विरोध नहीं किया। एकमात्र मुद्दा ऑपरेशन सिंदूर था, जिस पर सिद्धांत के आधार पर मेरा स्टैंड अलग था। थरूर ने कहा- इस मामले पर मैंने बहुत मजबूत स्टैंड लिया था। मैं इसके लिए कोई माफी नहीं मांगूंगा। पहलगाम की घटना के बाद, मैंने खुद इंडियन एक्सप्रेस में एक कॉलम लिखा था। मैंने इसमें कहा था कि ऐसी घटना को बिना सजा के नहीं छोड़ा जा सकता और इसका जवाब देना जरूरी है। तिरुवनंतपुरम से सांसद थरूर ने यह बातें शनिवार को कोझिकोड में आयोजित केरल लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान कहीं। वह वहां दर्शकों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा- मीडिया कई बातें कह सकता है, कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत हो सकती हैं। मैंने पहले ही पार्टी लीडरशिप को बता दिया था कि मैं इसमें शामिल नहीं हो पाऊंगा।



### थरूर की स्पीच की 4 बड़ी बातें...

- ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर कड़े रुख का कोई पछतावा नहीं है। भारत को विकास पर ध्यान देना चाहिए और पाकिस्तान के साथ लंबे संघर्ष में नहीं उलझना चाहिए।
- किसी भी कार्रवाई को आतंकवादी शिविरों तक ही सीमित रखा जाना चाहिए। मुझे हैरानी हुई कि भारत सरकार ने वही किया, जैसा मैंने सुझाया था।
- जवाहरलाल नेहरू ने कहा था अगर भारत मर जाता है, तो कौन जीवित रहेगा? उनका कहना था कि जब देश की सुरक्षा और दुनिया में उनकी स्थिति का सवाल हो, तो भारत सबसे पहले आता है।
- राजनीतिक दलों में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय हित में सिर्फ भारत को ही जीतना चाहिए।

### पार्टी मीटिंग में नहीं जाने पर कहा- दिल्ली से कोझिकोड वापस आना आसान नहीं

शशि थरूर ने पार्टी मीटिंग में नहीं जाने पर मीडिया से कहा, 'मैं जो कहना चाहता था, वह मैंने पार्टी लीडरशिप को बता दिया है। यह सही नहीं है कि मैं इस बारे में पब्लिक में बात करूं।'

## शिष्यों का दावा- अविमुक्तेश्वरानंद की जान को खतरा

प्रयागराज। प्रयागराज में अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच 6 दिनों से विवाद जारी है। इसी बीच, अविमुक्तेश्वरानंद ने शिविर के अंदर और बाहर 12 CCTV कैमरे लगवाए हैं। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शंकराचार्य विवाद पर कहा- हमें खुशी है कि अविमुक्तेश्वरानंद डटे हुए हैं। एक-एक सनातनी उनके साथ है। उन्होंने कम से कम नकली सनातनियों की पोल खोल दी। हमारा उनसे सीधा संपर्क है। इससे पहले शुक्रवार को अविमुक्तेश्वरानंद ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य को समझदार नेता बताया था। उन्होंने कहा- ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री होना चाहिए, जो समझते हैं कि अफसरों से गलती हुई है। जो अकड़ में बैठा हो, उसे मुख्यमंत्री नहीं होना चाहिए। दरअसल, गुरुवार को डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था- शंकराचार्य जी के चरणों में प्रणाम करता हूं और उनसे स्नान करने की प्रार्थना करता हूं। 18 जनवरी को माघ मेले में मौनी अमावस्या पर अविमुक्तेश्वरानंद पालकी में स्नान करने जा रहे थे।

# जहरीला इंजेक्शन देकर 300 कुत्तों की हत्या

**सरपंच ने चुनाव में वादा किया था, एक महीने में 900 कुत्तों को मारा जा चुका**

क्रूरता

तमसा संकेत, एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना के जगतियाल जिले के पेगडापल्ली गांव में 300 आवारा कुत्तों की जहरीला इंजेक्शन देकर हत्या कर दी गई। एक एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट के दावे के मुताबिक गांव के सरपंच ने दिसंबर में हुए चुनाव में जनता से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था। मामले में BNS और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज की गई है। FIR में गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को दोषी ठहराया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि सरपंच ने आवारा कुत्तों को मारने के लिए कुछ लोगों को काम पर रखा था। इससे पहले जनवरी में ही तेलंगाना में कुल 600 कुत्तों को अलग अलग गांवों में जहर देकर मारने की घटना सामने आई थीं। इससे मरने वाले कुल कुत्तों की संख्या 900 पहुंच गई है। पुलिस ने बताया कि दफनाने की जगह से लगभग 70 से 80 कुत्तों के शव निकाले गए। ऐसा लग रहा था कि शवों को तीन से चार दिन पहले दफनाया गया था। उन्होंने कहा कि इस स्तर पर, हम घटना में आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं कर सकते।



>> (शेष पेज 04 पर)

# सम्पादकीय

## विचारः दृढ़ संकल्प से आधुनिकता की ओर



आज हम सभी उत्तर प्रदेशवासी पूरे हर्षोउल्लास और गर्व के साथ उत्तर प्रदेश दिवस मना रहे हैं। नौ जलवायु क्षेत्रों से आच्छादित, विविधताओं से समृद्ध और असीम संभावनाओं वाला हमारा प्रदेश भारत की सांस्कृतिक आत्मा का उद्‌गम, आध्यात्मिक चेतना का केंद्र और आर्थिक सामर्थ्य की आधारशिला रहा है। कृषि, उद्योग और पर्यटन की अपार क्षमताओं के साथ हमारा प्रदेश आज युवा शक्ति, प्रतिभा और उद्यमशीलता का एक जीवंत केंद्र बना है। 2017 उत्तर प्रदेश के इतिहास में परिवर्तन के लिए निर्णायक सिद्ध हुआ। इससे पहले संगठित अपराध और सत्ता के संरक्षण में पनपे माफिया तंत्र के कारण आम नागरिक और निवेशक, दोनों का विश्वास डगमगा चुका था। 'बीमारू' प्रदेश की छवि उत्तर प्रदेश की वास्तविक क्षमता और संभावनाओं पर भारी पड़ रही थी। 2017 में सरकार बनने के बाद हमने 'जीरो टालरेंस' की नीति को दृढ़ संकल्प के साथ पूरे प्रदेश में लागू किया। जहां कभी कर्फ्यू-दंगे सामान्य माने जाते थे, वहां आज शांति, स्थिरता और विश्वास का वातावरण है। यही सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण आज उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा की सबसे मजबूत नींव बना है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को प्रदेश में पूरी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ लागू किया गया। डबल इंजन सरकार के सतत् और समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश ने 'बाटलनेक से ब्रेकथ्रू', 'रेवेन्यू डेफिसिट से रेवेन्यू सरप्लस' और 'उपद्रव से उत्सव' की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। आज उत्तर प्रदेश भारत के विकास का 'ग्रोथ इंजन' बन चुका है। अयोध्या की मर्यादा, काशी की शाश्वत चेतना, ब्रजधाम की भक्ति और प्रयागराज की समरसता ने युगों से भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की है। प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए गए सतत् प्रयासों ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हुए प्रदेश के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। रिकार्ड पुलिस भर्तियों, महिला सशक्तीकरण, आधुनिक पुलिसिंग, सुदृढ़ साइबर व फारेंसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तथा त्वरित आपातकालीन सेवाओं के व्यापक विस्तार ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था को नई मजबूती और विश्वसनीयता प्रदान की है। 2017 में जहां उत्तर प्रदेश का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) लगभग 13 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर था, वहीं आज यह 22 लाख करोड़ रुपये की ऐतिहासिक छलांग लगाते हुए 35 लाख करोड़ रुपये की ओर तेजी से अग्रसर है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 9.5 प्रतिशत योगदान के साथ उत्तर प्रदेश आज भारत की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। प्रति व्यक्ति आय को लगभग तीन गुना करने में प्रदेश सफल रहा है। हम वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश निरंतर एक रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना हुआ है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जनता पर बिना कोई अतिरिक्त कर लगाए प्राप्त की गई है, जो यह सिद्ध करता है कि विकास और वित्तीय अनुशासन को एक साथ सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। देश की कुल कृषि भूमि का लगभग 11 प्रतिशत होने के बावजूद प्रदेश, देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में 21 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का रिकार्ड भुगतान, डीबीटी के माध्यम से सीधा और बिचौलिया मुक्त हस्तांतरण तथा बीज से लेकर बाजार तक की सुव्यवस्थित व्यवस्था ने अन्नदाताओं की आय बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाई है। 2017 के बाद गन्ना किसानों को लगभग तीन लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जो पूर्ववर्ती दशकों की तुलना में कहीं अधिक है। कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बनाया है। जिन निवेशकों ने कभी कमजोर कानून-व्यवस्था और नीतिगत पंगुता के कारण प्रदेश से दूरी बना ली थी, आज उनमें उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर प्रतिस्पर्धा दिखाई देती है। डी-रेगुलेशन के क्षेत्र में प्रदेश ने पूरे देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए रिकार्ड स्तर पर औद्योगिक निवेश को आकर्षित किया है। 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां और 'निवेश मित्र' व 'निवेश सारथी' जैसे डिजिटल प्लेटफार्म ने उद्योगों के लिए एक सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद वातावरण तैयार किया है। अब एमओयू केवल कागजों तक सीमित न रहकर ग्राउंड ब्रेकिंग से लेकर उत्पादन और व्यापक रोजगार सृजन तक ठोस परिणाम दे रहे हैं। आज प्रदेश में 27 हजार से अधिक कारखाने संचालित हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार के प्रयासों से एमएसएमई, स्टार्टअप और ओडीओपी को लोकल से ग्लोबल की पहचान मिली है। देश के मोबाइल फोन उत्पादन का लगभग 55 प्रतिशत और इलेक्ट्रानिक कंपोनेंट्स का करीब 60 प्रतिशत निर्माण आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, रैपिड रेल और मेट्रो के तीव्र विस्तार ने प्रदेश के व्यापार, पर्यटन और निवेश को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। उत्तर प्रदेश निवेश और नवाचार का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। इन क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़ते हुए भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। सरकारी भर्तियों, स्वरोजगार की योजनाओं और एमएसएमई के माध्यम से करोड़ों लोगों को रोजगार और आजीविका के अवसर प्राप्त हुए हैं।

# प्राकृतिक घटनाएँ या सरकारी लापरवाही ?

> “बताया जा रहा है कि जिस मॉल के गड्ढे में डूबने से युवराज की मौत हुई, उसे नोएडा प्राधिकरण ने अपने कब्जे में ले रखा था। लेकिन इसके बावजूद प्लॉट के आसपास कोई सेफ्टी वॉल नहीं बनाई गई थी। युवराज के पिता राजकुमार मेहता का कहना है कि खतरनाक मोड़ होने के बावजूद वहां पुलिस ने बैरिकेडिंग नहीं की हुई थी और न ही रिफ्लेक्टर्स लगे हुए थे।







नोएडा के सेक्टर-150 में शुक्रवार की रात एक 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की दर्दनाक मौत हो गई। युवराज गुरुग्राम की एक कंपनी में जॉब करते थे। शुक्रवार की रात वह ऑफिस से घर ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। घना कोहरा था और विजिबिलिटी काफी कम होने के कारण वह एक मोड़ पर युवराज की कार कंट्रोल से बाहर हो गई। युवराज जब नोएडा के सेक्टर-150 एटीएस ले-ग्रैडियोज के पास टी-प्वाइंट पर पहुंचे, तो कार अनियंत्रित हो गई। कार नाले की दीवार तोड़कर एक निर्माणाधीन मॉल के परिसर में जा गिरी, जहां पानी भरा हुआ था। कार के पानी में गिरने के बाद युवराज ने बाहर निकलने की काफी कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाए। आखिरकार युवराज की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना को हम क्रमवार समझते है गुरुग्राम से नोएडा स्थित घर आ रहे युवराज मेहता की कार रात 12 बजे घने कोहरे के कारण ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 के पास सड़क के किनारे बने मॉल के निर्माणाधीन बेसमेंट में गिर जाती है।युवराज मेहता 10 मिनट बाद करीब 12 बजकर 20 मिनट पर अपने पिता के मोबाइल फोन पर इसकी सूचना देते हैं।पिता के होश उड़ जाते हैं। बदहवास पिता तुरंत ही मदद के लिए डायल 112 पर फोन मिलाते हैं। 12।25 मिनट पर सूचना दर्ज हो जाती है। इसके बाद रेस्क्यू की कोशिश शुरू होती है, लेकिन बेहद सुस्त रफ्तार से कंट्रोल रूप के प्रभारी के पास करीब 20 मिनट बाद 12।41 पर कॉल जाती है।इस घटना के 50 मिनट बाद पुलिसफोर्स और दमकलकर्मी 12 बजकर 50 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंच जाते हैं। चश्मीदीदों के मुताबिक युवराज पानी में डूबी अपने कार के ऊपर मोबाइल टॉर्च जलाकर बचाओ बचाओ की गुहार लगा रहे होते होते हैं।रेस्क्यू टीम युवराज का तुरंत बाहर निकालने में नाकाम रहती है। डर और संसाधनों की कमी से युवराज तक मदद नहीं पहुंच पाती। मौके पर मौजूद बेबस पिता बेटे को डूबते देखते रहते हैं।रात 1 बजकर 15 मिनट पर SDRF की टीम भी पहुंचती है, लेकिन मदद के लिए पानी से भरे बेसमेंट में नहीं उतर पाती। 1।45 मिनट पर युवराज कार समेत पानी में डूब जाते हैं।घटना के करीब दो घंटे बाद 2 बजे NDRF की टीम सर्च शुरू करती है। सुबह चार बजे युवराज को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जाता है। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। नोएडा में सेक्टर 150 त्रासदी ने न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की नागरिक लापरवाही को उजागर किया, बल्कि हमारे देश के शहरों की स्थिति को भी उजागर किया। अगर उसमें से कुछ निकलता भी है तो उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है, केवल इस बात की चर्चा होती है कि दोषी कौन है, किसी पर मरहम लगाने के लिए ही कार्रवाई की जाती है, समय के बाद सब कुछ भुला दिया जाता है, समस्या अपनी जगह पर होती है। स्वाभाविक रूप से, ऐसा इतनी बार होता है कि महाराष्ट्र में 29 नगर निगम चुनावों के बाद नागरिक मुद्दों के सामने आने की उम्मीद के बावजूद, राजनीति समस्या के केंद्र में बनी रही।खैर, जब मतदाताओं से 'स्वतंत्र' का वादा किया जाता है, तो वे सवाल नहीं पूछते हैं, ताकि समस्या सबसे नीचे हो, मतदाता इस तरह के सरल फॉर्मूले को अपना सकता है। चुनाव के बाद भी, नागरिक समस्याओं को हल करने की प्राथमिकताओं को छोड़ दिया जाता है।यह उन हाथों को पकड़ने के लिए एक 'अभिनव' राजनीतिक प्रयोग है जो पहले सत्ता की सीढ़ी चढ़ने के लिए छोड़ दिए गए थे। युवराज मेहता की मौत ने भारत के सभी शहरों की राक्षसी शहरी समस्याओं की नंगी हकीकत सामने ला दी है, इस पर ध्यान देने का समय किसके पास है? नौ साल पहले, अगस्त 2017 में, मुंबई के एक प्रसिद्ध डॉक्टर दीपक अमरापुरकर की एक नाले में गिरने के बाद डूबने से मौत हो गई थी।कारों का उपयोग करने की तुलना में पैदल चलना अधिक सुरक्षित है। डॉक्टरों ने यही किया। मूल रूप से, हमारा समाधान हमें चेतावनी देना है कि आपदा आएगी, और इसे होने से कौन रोकने की कोशिश करेगा? इसी घटना के बाद मुंबई में सौ साल पुरानी इमारत ढह गई और तीस लोग मलबे में जिंदा दब गए। अगर इमारत जर्जर थी, तो पहले से ही खाली क्यों नहीं थी? या प्रशासन इसके गिरने का इंतजार कर रहा था? पुणे में 2019 में अंबिल की बाढ़ में, घर लौट रहे लोग बाढ़ में ब गए थे, कुछ घर जलमग्न हो गए थे, उनके परिवार बह गए थे। पिछले मानसून में से एक में, इमारत की चारदीवारी ढह गई थी। इस पर, नागरिक मुद्दों के बारे में हमारी यह समझ है। फिर घाटकोपर होर्डिंग की घटना हुई। निर्माण स्थल पर खोदे गए गहरे गड्ढे ऐसे दिखते हैं जैसे वे मरने के लिए तैयार हैं और न तो डेवलपर और न ही प्रशासन उन्हें अपने चारों ओर बाड़ लगाने के लिए कहना चाहता है। यह बाड़ आलंकारिक होनी चाहिए, लेकिन यह एक नियम और विनियम भी होना चाहिए। युवराज मेहता ने इस बाड़ की कमी के कारण पिछले हफ्ते नोएडा में अपनी जान गंवा दी थी। क्या डेवलपर्स और प्रशासन इन बाड़ों को खड़ा करने के लिए पुणे और अन्य शहरों में इसी तरह की घटना होने का इंतजार कर रहे हैं? नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नोएडा की घटना का संज्ञान लिया और पाया कि पर्यावरण मानदंडों का गंभीर उल्लंघन और कई नियामक खामियां हैं। ट्रिब्यूनल ने कहा कि यह जगह खतरनाक होने पर संबंधित अधिकारियों की ओर से पर्यावरण क्षरण और लापरवाही के बारे में गंभीर सवाल उठाता है। युवराज मेहता की मृत्यु के बाद उठाए गए ये सवाल बताते हैं कि शहरीकरण की प्रक्रिया के कई पहलुओं को ठीक करने का समय आ गया है, जिनमें से कई का जवाब जनप्रतिनिधि और प्रशासन नहीं देते हैं। क्योंकि वर्तमान में दोनों अपने-अपने हितों की रक्षा के लिए संतुष्ट हैं। हमारी व्यवस्था का एक और रोना यह है कि आपदा या आपात स्थिति में सहायता एजेंसियों के पास पर्याप्त या आवश्यक उपकरण नहीं होते हैं, जब एक युवा आउटरीच कार्यकर्ता अपनी कमर के चारों ओर रस्सी बांधकर पानी में उतरने पर जोर देता है और अब उस पर दबाव होता है कि उसे यह न बताए कि सिस्टम की कमी है और उसे सिस्टम द्वारा अस्वीकार किया जा रहा है, लेकिन एक इंसान के रूप में मदद करने की उसकी इच्छा को स्वीकार किया जाना चाहिए। जब तक इस देश के आम लोगों में यह चेतना जीवित है, तब तक मृत्यु के शहर में रहते हुए भी जीवन का अर्थ खोजने की ललक बनी रहेगी।

**अशोक भाटिया**

## जन सुराज का ...

ललित गर्ग

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है



"जल है तो जीवन है"-यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। दरअसल, जल संकट अब 'वाटर स्ट्रेस' से आगे बढ़कर 'ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी' यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बर्बादी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना "हर खेत को पानी" के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है-प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है। जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बर्बादी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को रोका गया, तालाब पाट दिए गए और जंगलों का विनाश किया गया। परिणामस्वरूप वर्षा का पैटर्न बदल गया और जल स्रोत सूखते चले गए। यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी योजनाओं से ही समाधान संभव नहीं, जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी न ले। दुनिया के अन्य देशों से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इजराइल में ड्रिप इरिगेशन और डिसेलिनेशन तकनीक से 90 प्रतिशत तक पानी का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में वाटर ट्रेडिंग के माध्यम से जल संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया गया है। अमेरिका में अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और यूरोप में स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट सिस्टम जल संकट से निपटने के प्रभावी उपाय बने हैं। भारत में भी राजस्थान जैसे राज्यों में जोहड़, खादिन और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल संरचनाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं।

## हमारे वैज्ञानिकों ...

डा. विनोद बब्बर

# विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक गणतंत्र है भारत



गणतंत्र दिवस 'गण' और 'तंत्र' के सबंधों की पड़ताल करने का अवसर है। इस बात पर गर्व करने का अवसर भी कि विश्व को गणतंत्र की अवधारणा हमने दी। हजारों वर्ष पहले भी भारतवर्ष में अनेक गणराज्य थे, जहाँ शासन व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ थी और जनता सुखी थी। गण शब्द का अर्थ संख्या या समूह से है। गणराज्य या गणतंत्र का शाब्दिक अर्थ संख्या अर्थात बहुसंख्यक का शासन है। इस शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में चालीस बार, अथर्व वेद में नौ बार और ब्राह्मण ग्रंथों में अनेक बार किया गया है। वहाँ यह प्रयोग जनतंत्र तथा गणराज्य के आधुनिक अर्थों में ही किया गया है। वैदिक साहित्य में, विभिन्न स्थानों पर किए गए उल्लेखों से यह जानकारी मिलती है कि उस काल में अधिकांश स्थानों पर हमारे यहाँ गणतंत्रीय व्यवस्था ही थी। कालांतर में, उनमें कुछ दोष उत्पन्न हुए और राजनीतिक व्यवस्था का झुकाव राजतंत्र की तरफ होने लगा। ऋग्वेद के एक सूक्त में प्रार्थना की गई है कि समिति की मंत्रणा एकमुख हो, सदस्यों के मत परंपरानुकूल हों और निर्णय भी सर्वसम्मत हों। कुछ स्थानों पर मूलतः राजतंत्र था, जो बाद में गणतंत्र में परिवर्तित हुआ। महाभारत के सभा पर्व में अर्जुन द्वारा अनेक गणराज्यों को जीतकर उन्हें कर देने वाले राज्य बनाने की बात आई है। महाभारत में गणराज्यों की व्यवस्था की भी विशद विवेचना है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी लिच्छवी, बृजक, मल्लक, मदक और कम्बोज आदि जैसे गणराज्यों का उल्लेख मिलता है। उनसे भी पहले पाणिनी ने कुछ गणराज्यों का वर्णन अपने व्याकरण में किया है। आगे चलकर यूनानी राजदूत मेगास्थनीज ने भी क्षुदक, मालव और शिवि आदि गणराज्यों का वर्णन किया। लंबी गुलामी के बाद आजादी के नाम थोपे गए देश विभाजन, विश्व के सबसे बड़े रक्तपात की पीड़ा और उत्पाती पड़ोसी प्राप्त होने के बाद 26 जनवरी 1950 को लोकतांत्रिक गणतंत्र बने भारत ने पिछले 76 वर्षों में अनेक झंझावतों को झेला है। सांस्कृतिक वैचारिक हमलों से खाद्यान्न के अभाव का दौर भी देखा। आयातित घटिया लाल गेहूं के दिनों को पीछे छोड़ते हुए हमने न केवल आत्मनिर्भरता हासिल की बल्कि निर्यात भी किया और खुले में पड़ी अनाज की हजारों बोरियों को बर्बाद होते भी चुपचाप देखा। आज स्थिति यह है कि हमारे पास अनाज रखने की पर्याप्त जगह नहीं है। शायद इसीलिए देश के 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। हमारे वैज्ञानिकों ने चांद पर भारतीय कदमों के निशान अंकित करने सहित अनेक चमत्कार कर दिखाये तो आज हमारी सूचना प्रौद्योगिकी का लोहा सारी दुनिया मानती है। बैलगाड़ी युग से रेलगाड़ी के बाद तीव्रगामी वाहनों और विश्वस्तरीय सड़के भारत की पहचान बन चुकी हैं। भारत की युवा शक्ति तकनीक प्रौद्योगिकी से कला शाहिद हर क्षेत्र में विश्व को अपनी श्रेष्ठ प्रतिभा से अचंभित कर रही है। यह कोई आश्चर्य नहीं कि आज पश्चिमी जगत अपनी युवा पीढ़ी को भारत की प्रतिभा का डर दिखाकर मेहनती बनाने की प्रेरणा दे रहा है तो यह केवल और केवल इस देश के 'गण' की शक्ति प्रतिभा और समर्पण का अभिषेक है।

## जरा हटके

## औपनिवेशिक काल में ...

ललित गर्ग

# विश्व शिक्षा दिवसः 24 जनवरी 2026 शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं



विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-"सा विद्या या विमुक्तये", अर्थात् वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी। औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए "क्लर्क" तैयार करना था-ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा।

# नई सोच सफलता का सूत्रधार

हमारे जीवन में सामाजिक , भौगोलिक हो चाहे, राजनीति, औद्योगिक, आध्यात्मिक आदि - आदि हर क्षेत्र में नई सोच सफलता का सूत्रधार हैं । यही सोच इतिहास रचा, सफलताओं का शंखनाद बजाती हैं । एक घटना प्रसंग एक नेत्रहीन व्यक्ति फुटपाथ पर एक कटोरा लेकर बैठा था । एक छोटा सा पट्ट लगा था । उस पर भिक्षा दें , भगवान आपका भला करे, अँधे पर दया करें आदि - आदि लिखा था । वह आते जाते लोग इसकी और विशेष ध्यान नहीं दे रहे थे। कटोरे में बहुत थोड़े से सिक्के थे। एक राहगीर आया उसने पट्ट को उठाया और जो लिखा उसे मिटाया था । वह उसकी जगह उसने कुछ नया लिख दिया और वहीं रख दिया। आश्चर्य ! आते-जाते लोग उस पट्ट को पढ़ते और भिक्षा राशि कटोरे में झट डालते। कटोरा फटाफट भर गया । यह सब पट्ट पर नई लिखावट का चमत्कार था । वह जिसके लिए भिखारी ने मन ही मन उस अनजान सज्जन का उपकार माना । उन्होंने वास्तव में पट्ट पर वही लिखा जो पहले था बस ! उसकी भाषा में बदलाव था। वह जो लिखा था कि लगता है आज एक बहुत खूबसूरत दिन है । पर मुझ हतभागी के लिए यह भिन्न नहीं हैं । इसी लिखावट की मार्मिकता से लोगों के दिल खूब पसीज गए और आते जाते वो कटोरा भरते गए। उन सज्जन ने वही लिखा जो पहले था। बस ! उसमें सकारात्मकता और नवीनता का पुट डाला था। यह सही बात है कि कुछ सोचेंगे तो ही हम कुछ नया करेंगे।वह अगर हम सोचेंगे ही नहीं तो क्या करेंगे ? हमारी नई सोच सफलता का सूत्रधार आने वाली हर विपत्ति हमारे लिए संपति की एक बलशाली सशक्त धारा है । हम इसको इस तरह समझें कि यह जागरुक रहने के लिए एक प्रेरक इशारा है । हम कोई भी विपत्तियों से डरे नहीं उनका मुकाबला करते रहें । वह नई कल्पनाओं व उमंगों से अपने खाली दिमाग को भरते रहें । वह आगे की ओर देखना ही हमें ऊर्ध्वमुखी बनाएगा और आगे देखना ही जीवन के विकास में नई नई गति लाएगा । मन की सृजनात्मक कल्पनाशीलता इसमें सबसे तीव्र गति है । हमारे मस्तिष्क मे इतनी शक्ति है कि जो उसे कभी भी सृजनात्मक मोड़ दे सकता है । सृजनात्मकता मन मे नई-नई कल्पनाओ की कार्यान्वित से होती हैं । हम सारांश में यह कह सकते है कि जब सोच में नवीनता और कृतित्व में रचनात्मकता आदि होती है तो अप्रत्याशित सफलता परिणाम में मिलती ही है । अतः हम संसार में निर्लिप्त भाव से रहते हुए परमार्थ की ओर बढ़े । वह तिन्नाणं तारयाणं की ओर बढ़ हमारी आत्मा का संस्कार हमको गढ़ना हैं । वह स्वर्णिम इतिहास बनाना है। यही हमारे लिए काम्य हैं ।

> प्रदीप छाजेड़
> (बोरावड़ )

# ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के लिए भारतीय महिला टीम तय

## प्रतीका रावल, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ को पहली बार मौका, कमलिनी बाहर

- प्रतिका चोट के कारण वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल और फाइनल मैच नहीं खेल सकी थीं।
- हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगी।






मुंबई, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इकलौते टेस्ट के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान कर दिया गया है। शनिवार को जारी टीम में वर्ल्ड कप जीतने वाली स्टार बैटर प्रतीका रावल, बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को मौका दिया गया है। इन तीनों को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। यह मुकाबला 6 से 9 मार्च तक पर्थ में खेला जाएगा। टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया दौरे के व्हाइट बॉल मुकाबलों के बाद खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले 3 T20I और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे, जिनकी शुरुआत 15 फरवरी से होगी। प्रतीका रावल का टेस्ट टीम में चयन उनके हालिया वनडे प्रदर्शन को देखते हुए लगभग तय माना जा रहा था। उन्होंने 24 वनडे मैचों में 50.45 की औसत से 1110 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 2 शतक और 7 अर्धशतक दर्ज हैं। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह उमा चेत्री को भारत की T20I और वनडे टीम में शामिल किया है।

> प्रतीका के चयन के साथ यह भी साफ हो गया है कि वह टखने की चोट से पूरी तरह उबर चुकी हैं। चोट की वजह से वे पिछले साल महिला वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल नहीं खेल पाई थीं। हालांकि, 25 साल की प्रतीका को ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट बॉल दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है।

### भारत की महिला टेस्ट टीम

*हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा चेत्री (विकेटकीपर), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, रेणुका ठाकुर, स्नेह राणा, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली साठघरे।*

### वैष्णवी और क्रांति का भी पहला टेस्ट कॉल-अप



20 साल की वैष्णवी शर्मा ने शुरुआती 2025 में भारत की अंडर-19 वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू T20I सीरीज में सीनियर टीम में डेब्यू किया था। वैष्णवी अब तक 5 T20I खेल चुकी हैं। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने पिछले साल भारत के लिए डेब्यू किया था। वह अब तक 15 वनडे और 4 T20I खेल चुकी हैं। वनडे फॉर्मेट में वे खासा प्रभावी रही हैं और 23 विकेट ले चुकी हैं।

### मुंबई की साठघरे को भी मौका

मुंबई की तेज गेंदबाज सयाली साठघरे को भी टीम में जगह मिली है। 25 साल की सयाली ने जनवरी 2025 में आयरलैंड के खिलाफ 3 वनडे खेले थे। उनके चयन के चलते अनुभवी अरुंधति रेड्डी को टीम में मौका नहीं मिला। युवा विकेटकीपर जी कमलिनी चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं।

# सनराइजर्स ईस्टर्न केप चौथी बार एसए20 के फाइनल में

## क्वालिफायर-2 में पार्ल रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



सनराइजर्स ईस्टर्न केप (SEC) ने साउथ अफ्रीका टी-20 लीग (SA20) के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए क्वालिफायर-2 के मुकाबले में सनराइजर्स ने पार्ल रॉयल्स (PR) को 7 विकेट से शिकस्त दी। सनराइजर्स की टीम 2023 में लीग की शुरुआत से अब तक लगातार चार सीजन में चौथी बार फाइनल में पहुंची है। अब रविवार को केप टाउन में होने वाले खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स का सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। क्वालिफायर-1 में प्रिटोरिया ने ही सनराइजर्स को हराया था। पॉल रॉयल्स की टीम वांडरर्स की सूखी पिच पर 114 रन ही बना सकी। सनराइजर्स के स्पिनर्स ने पार्ल रॉयल्स के बल्लेबाजों को टिकने का मौका नहीं दिया। पिच पर काफी टर्न और असमान उछाल था, जिसका फायदा उठाते हुए लेफ्ट आर्म स्पिनर सेनुरन मुथुसामी ने 4 ओवर में मात्र 15 रन देकर 3 विकेट झटके। वहीं, जेम्स कोल्स ने भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 15 रन देकर 1 विकेट लिया, जिसमें एक मेडन ओवर भी शामिल था। पार्ल रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर चोट की वजह से इस मैच में नहीं खेल सके थे। काइल वेरेन नेअकेले दम पर पॉल रॉयल्स का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। पार्ल रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, लेकिन उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में ही अपने टॉप ऑर्डर के विकेट गंवा दिए।

- जेम्स कोल्स ने एक विकेट लेने के साथ ही 19 गेंदों पर 45 रनों की नाबाद पारी खेली।

## फास्ट न्यूज

### फायरिंग केस में एक्टर कमाल राशिद खान गिरफ्तार

नई दिल्ली। एक्टर कमाल राशिद खान उर्फ KRK को मुंबई पुलिस ने शनिवार को अंधेरी पश्चिम के ओशिवारा इलाके में एक रिहायशी बिल्डिंग में फायरिंग की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक्टर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। PTI की रिपोर्ट में पुलिस ने बताया कि शुक्रवार देर रात उन्हें पूछताछ के लिए ओशिवारा पुलिस स्टेशन लाया गया था।

### यूरोप की सबसे ताकतवर फ्रांस-जर्मनी की जोड़ी टूटने के करीब

बर्लिन। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जर्मनी और फ्रांस यूरोप की सबसे ताकतवर जोड़ी मानी जाती रही है। लेकिन अब इसमें दरार आने लगी है। यूरो न्यूज के मुताबिक जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज अब इटली की दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ दोस्ती बढ़ा रहे हैं। मर्ज ने इसका इशारा दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मंच से ही कर दिया था। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को रोम में होने वाली इटली-जर्मनी समिट में वह और मेलोनी मिलकर यूरोपीय यूनियन को बेहतर और अलग तरीके से चलाने के लिए कुछ नए सुझाव सामने रखेंगे। अमेरिकी वेबसाइट द पॉलिटिको के मुताबिक मर्ज-मेलोनी दोनों ही दक्षिणपंथी सोच वाले हैं, अमेरिका के साथ रिश्तों को जरूरी मानते हैं और ट्रम्प के साथ टकराव से बचना चाहते हैं।

### अनिल अंबानी पर ₹1.5 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी पर चल रहे बैंक फ्रॉड मामले में शुक्रवार को नए नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कोर्ट में दायर की गई पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (PIL) पर सुनवाई के बाद जारी किए गए हैं। PIL में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप और उसकी कंपनियों पर 1.5 लाख करोड़ रुपए बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड की कोर्ट मॉनिटर्ड जांच की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने CBI और ED से अंबानी के खिलाफ चल रही जांच पर 10 दिन में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

# मुंबई में बॉर्डर 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग

## रूमर्ड गर्लफ्रेंड के साथ पहुंचे आर्यन खान


मुंबई, एजेंसी




सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। शुक्रवार रात मुंबई में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस मौके पर फिल्म की पूरी टीम और कई बॉलीवुड सितारे मौजूद रहे। फिल्म की स्क्रीनिंग में सनी देओल और वरुण धवन पहुंचे। वहीं, अहान अपने माता-पिता सुनील शेट्टी और माना शेट्टी के साथ भी नजर आए। अहान को सपोर्ट करने उनकी बहन अथिया शेट्टी और जीजा, क्रिकेटर केएल राहुल भी पहुंचे। स्क्रीनिंग में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड और ब्राजीलियाई मॉडल लारिसा बोनेसी के साथ पहुंचे। स्क्रीनिंग में सोनम बाजवा, अन्या सिंह, मेधा राणा, क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल और आर्यन खान भी शामिल हुए। बॉर्डर 2 को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहीं, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार एंट्री की है। फिल्म ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपए का नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया। बता दें कि फिल्म 'बॉर्डर 2' 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## मूवी से इम्प्रेस हुए करण जौहर, डायरेक्टर ने वरुण को ट्रोल करने वालों को भी दिया जवाब

# बॉर्डर 2 ने पहले दिन 32.10 करोड़ रुपए कमाए



**मुंबई।** सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2, जिसमें वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भी हैं, शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में देशभक्ति, जज्बा और एक्शन का शानदार मिश्रण है, जिसने लोगों के दिलों को छू लिया। इसी वजह से फिल्म को पॉजिटिव रिव्यू मिल रहे हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार एंट्री की है। फिल्म ने पहले दिन करीब 32.10 करोड़ रुपए का नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया। वहीं, करण जौहर ने फिल्म देखने के बाद फिल्म की तारीफ की और वरुण धवन को उनकी एक्टिंग को लेकर ट्रोल करने वालों को भी जवाब दिया। दरअसल, शुक्रवार को करण जौहर बॉर्डर 2 देखने के बाद काफी प्रभावित हुए। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ करण ने फिल्म की टीम की मेहनत की जमकर तारीफ की। करण जौहर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, "बॉर्डर 2 के कई सीन मुझे रुला गए। देशभक्ति दिल से महसूस होती है। यह फिल्म तय तौर पर विजेता है!"



### वरुण धवन ने भी ट्रोलिंग पर दिया था रिएक्शन



इससे पहले वरुण धवन ने ट्रोलिंग को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। फिल्म से जुड़े इवेंट 'ब्रेव्स ऑफ द सॉइलः ट्रिब्यूट ट्रेलर लॉन्च' के दौरान जब उनसे पूछा गया कि टीजर लॉन्च के समय उन्हें लेकर काफी शोर (ट्रोलिंग) था, जो अब धीरे-धीरे कम हो रहा है, तो वह इसे कैसे देखते हैं? इस पर एक्टर ने कहा था, "मैं मानता हूं कि शोर को बंद करके अपने काम को बोलने देना चाहिए। ये सब चलता रहता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इसके लिए काम नहीं करता। मैं जिस चीज़ के लिए काम करता हूं, उसका पता शुक्रवार को चलेगा।"

> वरुण ने आगे कहा था, "मुझे फिल्म पर भरोसा है। एक अच्छी फिल्म बनाना बहुत जरूरी है। नंबर वगैरह से मुझे कोई लेना-देना नहीं है। मुझे लगता है कि हमने एक अच्छी फिल्म बनाई है। यही सबसे अहम बात है। जब लोग थिएटर जाते हैं, तो वे सब कुछ भूलकर सिर्फ एंटरटेन होना चाहते हैं।

## हमारे बजाए उनसे बिजनेस कर रहा, गोल्डन डोम प्रोजेक्ट का विरोध करने पर हुए नाराज

# चीन 1 साल में कनाडा को खा जाएगा : ट्रम्प

वॉशिंगटन, एजेंसी




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि चीन, कनाडा को एक साल के अंदर ही खा जाएगा। दरअसल, कनाडा के PM मार्क कार्नी ट्रम्प के 'गोल्डन डोम' मिसाइल प्रोजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प इससे नाराज हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा हमारे बजाए चीन से दोस्ती बढ़ा रहा, जो उन्हें पहले ही साल में बर्बाद कर देगा। कनाडा पर आरोप लगाते हुए ट्रम्प ने कहा कि वह उत्तर अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा है। इसके बदले में चीन, कनाडा के कुछ अहम कृषि उत्पादों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ को घटाएगा। पहले यह टैरिफ 84% तक था, जिसे अब घटाकर 15% कर दिया गया है। साल के अंत तक इसे जीरो किया जा सकता है। कनाडाई पीएम ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम पर 'नए वर्ल्ड ऑर्डर' पर भाषण दिया था। इसे लंबे समय से किसी भी राजनेता के दिए गए सर्वश्रेष्ठ भाषणों में से एक बताया जा रहा है कार्नी ने बड़े देशों के दबदबे के खिलाफ अपनी राय रखी। उन्होंने कहा- हमें बार-बार याद दिलाया जाता है कि आज की दुनिया बड़ी ताकतों की आपसी होड़ का दौर है। जो नियमों पर चलने वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था थी, वह अब कमजोर पड़ रही है। ताकतवर देश वही करते हैं जो वे करना चाहते हैं, और छोटे या कमजोर देशों को उसे झेलना पड़ता है। कार्नी आगे कहते हैं कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की जो कहानी सुनाई जाती रही है, वह पूरी तरह सच नहीं थी। जब बड़े देशों को फायदा होता है, तो वे खुद के लिए नियमों से छूट ले लेते हैं।



### कनाडा-चीन के व्यापार समझौते पर ट्रम्प नाराज

कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चीन की यात्रा की और वहां व्यापार समझौते किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इससे नाराज बताए जा रहे हैं। करीब एक साल पहले कार्नी खुद चीन को कनाडा के सामने "सबसे बड़ा सुरक्षा खतरा" बता चुके थे। लेकिन एक साल बाद हालात बदल चुके हैं। चीन दौरे पर उन्होंने कई अहम करार किए हैं। इसमें कनाडा, चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों (EV) पर लगाए गए टैरिफ को कम करेगा। कनाडा ने 2024 में अमेरिका के साथ मिलकर चीनी गाड़ियों पर 100% टैरिफ लगाया था। अब नए समझौते के तहत इस टैरिफ को घटाकर 6.1% किया जा रहा है। हालांकि यह हर साल 49 हजार इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर लागू होगा। 5 साल में इसे बढ़ाकर 70 हजार तक किया जा सकता है।

> ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने मार्क कार्नी का भाषण देखा और उन्हें लगा कि कनाडा, अमेरिका के लिए शुक्रगुजार नहीं है। ट्रम्प के मुताबिक, कनाडा का अस्तित्व अमेरिका की वजह से है और अगली बार बयान देते समय कार्नी को यह बात याद रखनी चाहिए।



कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी 13 से 17 जनवरी तक चीन के दौरे पर थे, जहां उनके और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच कई समझौते हुए।

### कार्नी के भाषण पर ट्रम्प बोले- उन्हें थैंक यू कहना चाहिए

ट्रम्प ने दावोस में अगले ही दिन (21 जनवरी) कार्नी के भाषण पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका, कनाडा को कई तरह की मुफ्त सुविधाएं देता है। इसके लिए कनाडा को अमेरिका का धन्यवाद कहना चाहिए, लेकिन वह ऐसा नहीं कर रहा।

# मजबूत विकास और कम महंगाई: बजट में सरकार की बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी




देश की अर्थव्यवस्था में अनुमान से तेज वृद्धि और नियंत्रित महंगाई के माहौल में आने वाले केंद्रीय बजट में स्थिरता और वित्तीय संतुलन पर विशेष जोर रहने की उम्मीद है। क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी का मानना है कि सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वैश्विक अनिश्चितताओं और बाजारों की अस्थिरता के बीच सार्वजनिक वित्त की मजबूती बनाए रखना होगा। जोशी के मुताबिक इस बार बजट अपेक्षाकृत अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों में तैयार किया जा रहा है। आर्थिक वृद्धि अनुमान से बेहतर रही है और महंगाई भी अपेक्षा से कम दर्ज हुई है। इससे नीति निर्माण में सरकार को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय आर्थिक हालात अभी भी जोखिम पैदा कर रहे हैं। जोशी के मुताबिक 2026-27 वित्त वर्ष में नाममात्र जीडीपी के बढ़ने की उम्मीद है, जिससे कर संग्रह में सुधार और कॉरपोरेट सेक्टर की स्थिति मजबूत हो सकती है। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य बेहद अनिश्चित और अस्थिर है, इसलिए सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाए रखना होगा। सरकार ने 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर लगभग 7.3-7.4 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.3 प्रतिशत था। आईएमएफ ने भी इसी तरह का अनुमान लगाया है। जोशी के अनुसार अगले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि करीब 6.7 प्रतिशत रह सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि 27 फरवरी को होने वाली जीडीपी री-बेसिंग से अर्थव्यवस्था के आकार और गति को लेकर नई तस्वीर सामने आ सकती है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के संदर्भ में जोशी ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते को अहम बताया।

## अपमानजनक : ट्रम्प बोले थे- नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश ढट बोले- यह सैनिकों का अपमान

# अफगानिस्तान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश



लंदन, एजेंसी



ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फॉक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी NATO गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प NATO को लेकर कई बार नाराजगी जता चुके हैं। ट्रम्प ने बार-बार कहा कि यूरोपीय देश अपनी सुरक्षा के लिए पर्याप्त खर्च नहीं कर रहे और सारा बोझ अमेरिका उठा रहा है। उन्होंने यहां तक कहा कि अगर यूरोपीय देश 2% GDP रक्षा पर खर्च नहीं करते तो अमेरिका संगठन से हट भी सकता है।

> *इस बयान पर यूरोपीय देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई। स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा, मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए।*

### दो बार अफगानिस्तान में तैनात हो चुके प्रिंस हैरी

प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स III के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे ड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था।

### अमेरिका के 15 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

वॉशिंगटन। अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 15 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दिया है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस (NWS) के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रॉसरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुकानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट-अवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3,200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4,800 से उड़ानें रद्द हुईं। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वॉशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी।

# इंडिगो ने 16 एयरपोर्ट्स पर 717 फ्लाइट स्लॉट्स छोड़े

## मुंबई में 236 और दिल्ली में 150 उड़ानें कम हुईं, कोहरे के कारण डीजीसीए ने दिया था आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



अगले कुछ दिनों में अगर आप इंडिगो से कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो आपको फ्लाइट के ऑप्शन कम मिलेंगे। क्योंकि, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। यह कदम डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) के उस फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें ऑपरेशनल दिक्कतों और सर्दियों में कोहरे के कारण होने वाली देरी को देखते हुए इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती की गई थी। एविएशन मिनिस्ट्री ने संसद में यह डेटा शेयर किया है। इंडिगो ने कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं। बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, गोवा, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता और जयपुर जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ श्रीनगर, पटना, रांची और रायपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट्स पर भी फ्लाइट्स कम हुई हैं। DGCA ने इंडिगो के विंटर शेड्यूल में कटौती का फैसला सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में छाने वाले घने कोहरे को देखते हुए लिया था। कोहरे की वजह से अक्सर विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे उड़ानों में भारी देरी और ऐन वक्त पर कैंसिलेशन होता है। रेगुलेटर का मानना है कि शेड्यूल में कमी करने से एयरलाइन के 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' (OTP) में सुधार होगा और यात्रियों को होने वाली असुविधा कम की जा सकेगी। स्लॉट्स सरेंडर करने पर इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, हमने रेगुलेटर्स के सभी निर्देशों का पालन किया है और सलाह के अनुसार स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वे एयरपोर्ट ऑपरेटर्स और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि उपलब्ध स्लॉट्स का सही इस्तेमाल हो सके और ऑपरेशंस सुचारू रूप से चलें।

# 'लखनऊ नगर निगम में बैठे हैं गंदे लोग'

## अखिलेश यादव ने गंदे पानी की आपूर्ति पर कसा तंज, बोले- केजीएमयू को भी तोड़ देना चाहिए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के कई इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति होने का मामला सामने आ रहा है। अब इस पर राजनीति भी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी अब मामले में तंज कसा है। उन्होंने लखनऊ के कई इलाकों में गंदे पानी आने के सवाल के जवाब में कहा कि नगर निगम में गंदे लोग बैठे हैं, वहां गंदा पानी नही आएगा तो क्या आएगा। जलकल विभाग की तरफ से ओवरहेड टैंक की सफाई पिछले एक सप्ताह से लखनऊ के कई इलाकों में की जा रही है। इसके चलते पानी आपूर्ति की भी समस्या हो रही। जलकल जीएम कुलदीप सिंह का कहना है कि शिकायत आने पर तत्काल उसे सही कराया जा रहा है। लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर सब नया बनाना पड़ेगा। हालात यह हैं कि लोगों को पीने का पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है।



### इन इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति

लखनऊ के हुसैनगंज, उदयगंज और पुराना बर्फखाना, त्रिवेणीनगर, पुराने लखनऊ के कई इलाके में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायत है। लोगों का आरोप है कि इससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। परिवार परेशान है। गंदे पानी की आपूर्ति के चलते बच्चे-बुजुर्ग बीमार होने लगे हैं। गंदे पानी से लीवर सिरोसिस और पेट की गंभीर बीमारियां हो रही हैं। हालात यह हैं कि लोगों को पीने का पानी बाहर से खरीदना पड़ रहा है। बावजूद इसके हालात बदतर हैं, लेकिन जलकल विभाग के अधिकारी इसपर ध्यान नहीं दे रहे।

> अखिलेश यादव ने लखनऊ में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा- गोमती जितनी गंदी है, बीजेपी उतनी गंदी है। अखिलेश यादव ने केजीएमयू में मजार हटाने के सवाल पर कहा कि उन्हें केजीएमयू तोड़ देना चाहिए। वह भी क्रिश्चियन लोगों ने ही बनाया है। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर सब नया बनाना पड़ेगा।



हुसैनगंज, उदयगंज और पुराना बर्फखाना में गंदा पानी आने को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया था।

### प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण के बाद दिया था अल्टीमेटम

प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने एक सप्ताह पहले कई जगहों पर निरीक्षण किया था। निरीक्षण में उन्हें मिला कि कई जगहों पर सीवर में से पाइप लाइन जा रही। मंत्री ने इसे तुरंत सही कराने का निर्देश भी दिया था। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने पाइपलाइन को जल्द दूसरी जगह शिफ्ट करने को कहा था। उन्होंने कहा था कि 30 जनवरी के बाद फिर से निरीक्षण करेंगे। खामी मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इस दौरान निरीक्षण में गंदगी मिलने पर उन्होंने जोनल से लेकर सुपर वाइजर तक 2 दिन की सैलरी काटने का निर्देश दिया था।

# भव्य आयोजन के साथ जिला स्टेडियम कुशीनगर में मनाया गया उत्तर प्रदेश दिवस

**तमसा संकेत, संवाददाता**

कुशीनगर/लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जिला स्टेडियम, कुशीनगर में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद कुशीनगर के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के रूप में कुशीनगर आने से पूर्व नेपाल सीमा से सटे इस जनपद को लेकर कुछ आशंकाएं थीं, किंतु यहां आकर यह अनुभव हुआ कि कुशीनगर सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। उन्होंने विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि कजरी




जैसी लोक विधाएं भले ही लुप्त होती जा रही हों, लेकिन बच्चों की प्रस्तुतियों से यह स्पष्ट है कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित हाथों में है। प्रभारी मंत्री ने कुशीनगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को खोजकर आगे बढ़ाने तथा जनपद के समग्र विकास के लिए सामूहिक संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे ने कहा कि वर्ष 1950 में उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना हुई थी, लेकिन यूपी दिवस को औपचारिक रूप से मनाने की शुरुआत लगभग 70 वर्ष बाद हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्यसभा सांसद कुंवर आर.पी.एन. सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुशीनगर जिस गति से विकास कर रहा है, उसमें आने वाले समय में और तेजी लाई जाएगी तथा केंद्र व राज्य सरकार के नेतृत्व में जनपद को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### वाराणसी पुलिस ने दर्ज किया नेहा सिंह राठौर का बयान

वाराणसी। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर का वाराणसी पुलिस ने बयान दर्ज कर लिया है। बीते दिनों लंका थाना पुलिस ने लखनऊ में उन्हें नोटिस रिसीव कराया था। इसके बाद वाराणसी के एक पांच सितारा होटल में लंका पुलिस की ओर से विवेचक दरोगा राकेश सिंह और आरक्षी रूपम ने उनका बयान लिया। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री को लेकर नेहा सिंह राठौर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की थी।

### फौजी बेटे का शव देखकर मां बेहोश

अलीगढ़। जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए सेना के जवान मोनू का पार्थिव शरीर शनिवार को अलीगढ़ पहुंचा। तिरंगे में लिपटा शव देखते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मां-पिता और भाई शव से लिपटकर रोने लगे। मां बेहोश हो गईं। पिता बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़े, लोगों ने उन्हें पानी पिलाकर संभाला। होश में आने पर पिता प्रताप सिंह बार-बार बेटे को पुकारते रहे। कहते- मेरे बेटे को वापस ले आओ। उसका चेहरा दिखाओ। वो मुझे अकेला छोड़कर नहीं जा सकता। यह देखकर मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए घर के बाहर काफी भीड़ रही। लोग 'मोनू अमर रहे' के नारे लगाते रहे। कुछ देर में अंतिम संस्कार किया जाएगा। जम्मू-कश्मीर के डोडा में 22 जनवरी (गुरुवार) को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई थी।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पुलिस में खींचातानी

मथुरा। काशी मणिकर्णिका घाट पर चल रहे काम के दौरान अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के लगाए जा रहे आरोप प्रत्यारोप के बीच शनिवार को मथुरा में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में पार्टी के नेता दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास का घेराव करने के लिए जाने से पहले डैंपियर नगर में एकत्रित हुए। जहां पुलिस ने उनको आगे बढ़ने से रोक दिया।

# लखनऊ की सबसे ऊंची बिल्डिंग 'नर्मदा' में बुकिंग शुरू

## 29 मंजिला अपार्टमेंट में 300 लग्जरी फ्लैट्स होंगे, 1.4 करोड़ से कीमत शुरू

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ के गोमती नगर विस्तार में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) सेक्टर-4 में नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण कराएगा। इसमें करीब 2100 वर्गफुट क्षेत्रफल के 300 लग्जरी फ्लैट्स और 12 पेंट हाउस बनाए जाएंगे। फ्लैटों की शुरुआती कीमत 1.4 करोड़ रुपए रखी गई है। यह 29 मंजिला अपार्टमेंट होगा। यह लखनऊ की सबसे ऊंची बिल्डिंग होगी। इसकी बुकिंग भी आज से शुरू हो गई है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने परियोजना को लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत 24 जनवरी से 23 फरवरी तक फ्लैटों के लिए पंजीकरण कराया जा सकेगा। पंजीकरण केवल एलडीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही होगा। एलडीए के मुताबिक फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी




सिस्टम से किया जाएगा। पंजीकरण के लिए फ्लैट के अनुमानित मूल्य का 5 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए यह राशि 2.5 प्रतिशत तय की गई है। नर्मदा अपार्टमेंट का निर्माण करीब 12 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में किया जाएगा। इसमें 90 मीटर ऊंचे कुल 3 टावर होंगे। परियोजना में 3BHK + स्टडी श्रेणी के 300 फ्लैट्स बनाए जाएंगे। इसके अलावा करीब 4000 वर्गफुट क्षेत्रफल के 12 पेंटहाउस भी प्रस्तावित हैं, जिनकी शुरुआती कीमत 2.8 करोड़ रुपए होगी। सोसाइटी में आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें जिम और स्वीमिंग पूल पार्क और किड्स प्ले एरिया क्लब हाउस पावर बैकअप 500 से अधिक वाहनों की पार्किंग व्यवसायिक जरूरतों के लिए कॉमर्शियल दुकानें शामिल होंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया- नर्मदा अपार्टमेंट की लोकेशन और कनेक्टिविटी बेहद खास होगी। यह प्रोजेक्ट जी-20 रोड पर स्थित एलडीए के राप्ती अपार्टमेंट के ठीक बगल में बनेगा। यहां से शहीद पथ, इकाना क्रिकेट स्टेडियम, प्लासियो मॉल और पुलिस मुख्यालय जैसी प्रमुख जगहें बेहद नजदीक होंगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन डिमांड सर्वे में सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने के बाद ही परियोजना को मंजूरी दी गई है।

### देवर ने भाभी के नहाने का वीडियो बनाया

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में एक महिला ने रिश्ते के देवर के खिलाफ ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है युवक ने उनका नहाने का वीडियो बना लिया। उससे ब्लैकमेल करके करीब 15 लाख रुपए की ज्वैलरी ले ली। गुडंबा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-जे जानकीपुरम निवासी पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति के बुआ का लड़का अजीत कुमार गौतम ने उनका नहाते समय का न्यूड वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपी ने वीडियो और फोटो उनके पति के मोबाइल पर भेज दिए, जिससे पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पीड़ित महिला का कहना है कि इसके बाद अजीत कुमार गौतम ने विवाद सुलझाने का आश्वासन देकर उनकी शादी की ज्वैलरी ले ली। जब ज्वैलरी वापस मांगी तो उसने अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। ज्वैलरी की कीमत करीब 15 लाख रुपए है। परेशान होकर मामले में पुलिस से कार्रवाई कर ज्वैलरी वापस कराने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभतेश कुमार का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

# लोक भवन गुजरात में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

## मंत्री ए. के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को किया रेखांकित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है। जबकि लगभग ढाई करोड़ ग्रामीण परिवारों को क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न सिर्फ ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार का प्रमाण है, बल्कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम माना जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में गांव-गांव तक पाइप पेयजल योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। वर्तमान में 97 हजार से अधिक गांवों में पाइप पेयजल योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं के




माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है। प्रदेश सरकार ने पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक और किफायती बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता दी है। आज उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित हैं। इसके तहत अब तक 33 हजार से ज्यादा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं सौर ऊर्जा आधारित बनाई जा चुकी हैं, जिससे बिजली खर्च में कमी आई है। सोलर आधारित पेयजल योजनाओं से हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आ रही है। केंद्र सरकार से आए सचिव अशोक कुमार मीना ने उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के अन्तर्गत संचालित विकास खण्ड-गोसाईगंज की चांद सराय ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव ने योजना की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अत्यन्त स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर तथा सम्पूर्ण परियोजना के संचालन को उत्कृष्ट एवं आदर्श बताया। उन्होंने योजना के अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, 6 किमी से लंबी वितरण प्रणाली, 486 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी), 17.50 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, डीजी सेट तथा क्लोरिनेशन एवं स्वचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया, जिसके बाद परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

# 25 जनवरी को मुख्यमंत्री करेंगे छात्रवृत्ति वितरण



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में 25 जनवरी, 2026 को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे। वे पात्र छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओम प्रकाश राजभर, समाज कल्याण एवं अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, पंचायती राज, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड और अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम 25 जनवरी को अपराह्न 04:30 बजे शुरू होगा। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### वाराणसी के मोटर-वर्कशॉप में सेक्स रैकेट

वाराणसी। वाराणसी पुलिस ने मोटर वर्कशॉप की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस की छापेमारी के दौरान मौके से चार युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को मकान के अंदर ही दबोच लिया। छापेमारी के दौरान युवतियां लगातार अपना चेहरा छिपाती रहीं। उन्हें बाहर निकालने के लिए महिला पुलिस को बुलाया गया, जिसके बाद महिला पुलिसकर्मी उन्हें थाने लेकर गईं। सेक्स रैकेट सेंट्रल जेल रोड स्थित एक कॉलोनी में किराए के मकान में चल रहा था। सेंट्रल जेल रोड की कॉलोनी में एक मकान मोटर वर्कशॉप के नाम पर किराए पर लिया गया था। इसी मकान के अंदर सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा था। वर्कशॉप में युवाओं को प्रशिक्षण देने के बहाने बुलाया जाता था। मकान के अंदर टोकन सिस्टम के जरिए बुकिंग की जाती थी और इसकी बाकायदा कॉपी में एंट्री रखी जाती थी। जब युवक-युवतियां अंदर होते थे, तब संचालक बाहर वर्कशॉप का काम करता दिखता था, ताकि किसी को शक न हो। इस मामले में रैकेट के संचालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**अरोप :** भाई का दावा- बहन से कहा गया इस्लाम कबूल करने से किस्मत बदलेगी, मुरादाबाद में एफआईआर

# 5 मुस्लिम लड़कियों ने हिंदू छात्रा को बुर्का पहनाया

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद। यूपी के मुरादाबाद में 5 मुस्लिम लड़कियों ने एक हिंदू छात्रा को जबरन बुर्का पहनाया। आरोप है कि कोचिंग से निकलने के बाद उसे सड़क पर घेर लिया। बैग से बुर्का निकाला और पहना दिया। पीड़ित के भाई ने दावा किया कि उसकी बहन से सहेलियों ने कहा कि इस्लाम कबूल करो, किस्मत बदल जाएगी। इसमें बहुत खूबसूरत लगोगी। पीड़ित और आरोपी लड़कियां एक ही स्कूल में 12वीं में पढ़ती हैं। सभी की उम्र 15-17 साल के बीच है। साथ में कोचिंग भी जाती हैं। घटना 20 दिसंबर की है, लेकिन 22 जनवरी को लड़की के भाई ने थाने में FIR कराई। पुलिस ने पांचों लड़कियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, तो शुक्रवार को CCTV सामने आया। मामला बिलारी कस्बे के एक मोहल्ले का है। पीड़ित लड़की चौधरी समाज से आती है। 11वीं क्लास में इन लड़कियों से मेरी बहन की दोस्ती थी। सभी



मोहल्ले और आसपास की थीं, तो स्कूल और ट्यूशन साथ में जाती थीं। छात्राओं ने मेरी बहन का ब्रेनवॉश करना शुरू कर दिया। पांचों उसे बार-बार इस्लाम धर्म कबूल करने के लिए उकसाती रहती थीं। उसके मन में हिंदू धर्म के प्रति घृणा पैदा करने की कोशिश की। मेरी बहन उनके झांसे में आ गई। मेरी बहन घरवालों की बातें भी नहीं सुनती थी। मना करने के बाद भी उन्हीं मुस्लिम लड़कियों के साथ ही स्कूल और कोचिंग जाती थी। 20 दिसंबर को मुस्लिम लड़कियां ट्यूशन से निकलीं। इसके बाद रास्ते में मेरी बहन को बुर्का पहनाया। भाई ने तमसा संकेत से कहा, "इस पूरी घटना के पीछे जरूर कोई गहरी साजिश है। कोई

> हिंदू छात्रा के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग बहन बिलारी कस्बे के मोहल्ला शाहकुंज कॉलोनी में एक टीचर के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। मेरे घर से 1.5 किमी की दूरी पर कोचिंग है। बाकी पांचों मुस्लिम छात्राएं भी उसके साथ जाती थीं।

इस्लामिक संगठन छात्राओं को आगे करके हिंदू नाबालिग लड़कियों को बरगलाकर धर्मांतरण की मुहिम चला रहा है, जिसकी जांच कर उसके खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है।" "उसने बताया कि ट्यूशन टीचर ने सबसे पहले बहन को बुर्का पहनाने



- एक मुस्लिम छात्रा उसे बीच सड़क पर बुर्का पहनाती है।
- लड़कियां गली में देखती रहती हैं कि कोई आ न जाए, तभी किसी के आने से वह आगे बढ़ जाती हैं।

की जानकारी दी थी। जब उसने बहन से पूछा तो उसने कुछ नहीं बताया। उसका ब्रेनवॉश हो चुका था। बाद में धीरे-धीरे उसने पूरी कहानी बताई। इसके बाद 22 जनवरी को FIR करवाई।"

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'भारत की ...

पीछे दोनों डिप्टी CM और बीच में पंकज चौधरी चल रहे थे। प्रेरणा स्थल पर वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन स्टॉल के पास आयोजकों की ओर से डस्टबिन नहीं रखवाए गए। इससे परिसर में गंदगी फैल गई। अमित शाह ने कहा- भाजपा की सरकार ने बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाकर विकास को हर गांव में पहुंचा दिया है। 3 साल में उत्तर प्रदेश का कृषि विकास दर 17% है, देश में खाद्यान्न के उत्पादन में 20% का योगदान उत्तर प्रदेश करता है। उन्होंने कहा- मैं निःसंकोच कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश आज भारत का फूड बास्केट बन चुका है। गन्ने में एक नंबर। एथेनॉल पर एक नंबर। सारी मोदी जी की योजनाओं धरातल पर उतर चुकी हैं। 62 लाख लोगों को घर मिला है। उन्होंने कहा- जिसका पूरा देश साढ़े पांच सौ साल से राह देख रहा था। अयोध्या में श्री राम का मंदिर बनाने का काम भी पूरा हुआ। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- सरदार पटेल के नाम पर सरदार पटेल औद्योगिक योजना का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एक पूरा कार्यक्रम बनाया गया है। शाह ने कहा- उत्तर प्रदेश का हर जिला रोजगार से युक्त हो। यहां के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बूढ़े मां-बाप की सेवा करते-करते रोजगार मिले, ऐसी व्यवस्था होगी। सीएम योगी ने योजनाओं को धरातल पर उतरा है। उन्होंने कहा- एक जमाने यूपी को लेबर सोर्स स्टेट के रूप में माना जाता था। आज भारत का इकोनॉमी का फोर्थ स्टेट बन चुका है। इसे बीमारू राज्य बनाकर सपा-कांग्रेस और बसपा ने रखा था। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- सरदार पटेल के नाम पर सरदार पटेल औद्योगिक योजना का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एक पूरा कार्यक्रम बनाया गया है। उत्तर प्रदेश का हर जिला रोजगार से युक्त हो और यहां के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बूढ़े मां-बाप की सेवा करते-करते रोजगार मिले, ऐसी व्यवस्था जहां प्राप्त होगी, इसका मुझे बहुत आनंद और भरोसा है। अमित शाह ने कहा- श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने न केवल जनसंघ की स्थापना की, बल्कि कश्मीर के लिए अपनी जान दी। एकात्म वाद के नायक पंडित दीनदयाल जी और लखनऊ के सांसद रहे अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति ये स्थल बना है। यह दशकों तक प्रेरणा देगा। अमित शाह ने बताया- मुझे योगी जी ने बताया कि 65 एकड़ में कूड़े का पहाड़ था, जिसे हमने कंचन में बदलकर इस स्थल को विकसित किया है। अमित शाह ने कहा कि हर साल एक लाख युवाओं को 5 लाख तक की लोन मुक्त ब्याज मुक्त गारंटी मुक्त लोन देने की एक व्यवस्था हुई है।

### 18वां रोजगार...

भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं। भारत पर दुनिया को भरोसा: भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

### चुनाव आयोग ...

SIR को एक व्यक्ति, एक वोट के संवैधानिक अधिकार को खत्म करने के हथियार में बदल दिया गया है। गुजरात कांग्रेस का दावा है कि नियमों के तहत SIR के बाद चुनाव आयोग ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की। जनता से आपत्तियां दर्ज कराने का कहा। इसकी लास्ट डेट 18 जनवरी तय की गई थी। 15 जनवरी तक कुछ ही आपत्तियां आईं, लेकिन इसके बाद अचानक लाखों आपत्तियां (फॉर्म-7) दाखिल की गईं। जब चुनाव आयोग ने 12 लाख आपत्तियों का आंकड़ा जारी किया, तो यह साफ हो गया कि नियमों का उल्लंघन करते हुए खास जातियों, समुदायों और क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है। एक ही व्यक्ति के नाम से अलग-अलग नामों और हस्ताक्षरों के साथ दर्जनों आपत्तियां दाखिल की गईं हैं, जबकि चुनाव आयोग एक मूक दर्शक बना रहा। कांग्रेस का आरोप है कि कांग्रेस ने आपत्तियों से जुड़ी जानकारी मांगते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इससे चुनावी धांधली पूरी तरह उजागर हो जाती है। चुनाव आयोग ने अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही सत्तारूढ़ दल के पास गिरवी रख दी है।

### मुख्यमंत्री नोएडा...

सपा मुख्यालय पर भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती भी मनाई गई। मुख्यमंत्री योगी किसी को काम नहीं करने दे रहे हैं। हर मंत्री परेशान है। बिजली विभाग बर्बाद हो गया है। हम लोग फायदा में लाए थे लेकिन उसे बर्बाद कर दिया गया। बाई इलेक्शन में लूट हुई थी। बूथ लूटा गया था। सीसीटीवी के फुटेज हैं।

### जहरीला...


उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है और आगे की जांच जारी है। तेलंगाना के गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों को मारने के मामले सामने आए हैं। बीते एक हफ्ते में अलग-अलग जिलों के गांवों में करीब 600 कुत्तों की कथित तौर पर हत्या की गई है। पालवंचा मंडल के 5 गावों- भवानीपेट, पालवंचा, फरीदपेट, वाड़ी और बंदारामेश्वरपल्ली गांवों में बीते दो-तीन दिनों में करीब 200-300 आवारा कुत्तों को मारने का आरोप है।

# नागपुर थाने में मरने वाले युवक की बॉडी प्रयागराज पहुंची

## 12 दिन पहले गर्लफ्रेंड को भगाकर लाया, फिर लॉकअप में लटका मिला था शव

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। प्रयागराज के रहने वाले एक युवक की महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस लॉकअप में मौत हो गई। 22 जनवरी को नागपुर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि युवक ने फंदे से लटककर जान दी है। युवक नागेंद्र पर एक लड़की को भगाकर ले जाने का आरोप था। पुलिस नागेंद्र को उसके घर में नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा। इसके पुलिस नागेंद्र और लड़की को नागपुर ले गई। पुलिस ने नागेंद्र को लॉकअप में बंद कर दिया। वहीं, लड़की को उसके परिजनों के पास भेज दिया। 4 दिन बाद नागेंद्र का लॉकअप में शव मिला। पोस्टमॉर्टम के बाद नागेंद्र का शव उसके गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सैकेड़ों लोगों ने उतरांव थाने को घेरकर हंगामा किया। फूलपुर-सैदाबाद मार्ग जाम कर दिया गया। मौके पर पुलिस से कहासुनी भी हुई। हंडिया विधायक हाकिम लाल बिंद भी मौके पर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि नागेंद्र ने आत्महत्या नहीं की,



नागेंद्र, मृतक

उसे मार डाला गया। पूरा मामला उतरांव थाना क्षेत्र का है। उतरांव का रहने वाला नागेंद्र (21) डीजे संचालक था। वह शादियों में डीजे बजाता था। 17 अक्टूबर को हंडिया के धनुपुर एक परिवार की शादी में डीजे लेकर गया था। वहीं, एक नाबालिग लड़की से उसकी मुलाकात हुई। दोनों ने एक-दूसरे के नंबर ले लिए। फिर फोन पर बातचीत होने लगी। नागेंद्र के पिता राम जी ने बताया- लड़की के पिता नागपुर में व्यवसाय करते हैं। लड़की अपने परिवार के साथ यहां चाचा के लड़के की शादी में आई हुई थी। शादी के बाद वे सभी नागपुर लौट गया। लेकिन नागेंद्र और लड़की की फोन पर बातचीत होती रही।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676